# गाँधी जी की 150 वीं जयंती पर स्वच्छता रैली का एवं फिट इंडिया आयोजन

जबलपुर ! आज दिनांक 02 अक्टूबर को पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर (म.प्र.) के छात्र एवं छात्राओं और शिक्षकों द्वारा आज दिनांक 2 अक्टूबर को गॉधी जी की 150 वीं जंयती पर स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के 200 छात्र–एवं छात्राऐं, गाँधी जी द्वारा दिये गये अमृत बिंदुओं को पोस्टर एवं बैनरो के माध्यम से समाज में अलख जगाने का एवं नयी चेतना हेतु जागरण किया गया । महाविद्यालय परिसर से आरम्भ हुई थे रैली हाइकोर्ट, इंदिरा मार्केट, सिविल लाईन थाना एवं डिलाईट होते हुए महाविद्यालय के शैक्षणिक पशु चिकित्सालय में समाप्त हुई । लगभग 4 कि.मी. की इस रैली के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा स्थान–स्थान पर समाज के विभिन्न वर्गो के लोगो को समाज, परिवार एवं निज स्वच्छता के साथ–साथ स्वयं को भी व्यायाम द्वारा आरोग्य रहने हेतु जाग्रत किया । इस रैली का शुभारम्भ महाविद्यालय के अधिष्ठाता श्री डॉ. राजेश कुमार शर्मा द्वारा झंडा दिखाकर किया गया । अपने पाथेय में डॉ. शर्मा ने छात्रो एवं समाज के सभी नागरिक बंधुओ से व्यसन मुक्त, निरोगी काया एवं राष्ट्र हित को सर्वोपरी रखने हेतु आव्हान किया, इस अवसर पर महाविद्यालय पशुचिकित्सा छात्र संघ के सभी पदाधिकारी, रैली संयोजक डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. रणवीर, डॉ. आनन्द जैन, डॉ. ज्योत्सिना, डॉ. मोहन सिंह आदि उपस्थित थे ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय,
अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)